## एक नजर में

### शिवशक्ति धाम पर भागवत कथा 24 से

**जीरापुर 20 अगस्त, सं.** नगर के डग रोड़ रायल स्कूल के समीप स्थित स्थानीय शिवशक्ति धाम मंदिर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रविवार 24अगस्त 2025 से शुरू होगा. शिव शक्ति धाम समिति द्वारा आयोजित होने वाली भागवत कथा में धर्म प्रचारक पंडित हीरालाल शर्मा बखेड़ वाले विश्वनाथ धाम आश्रम मुंदड़ा कॉलोनी जीरापुर के मुखारविंद से रविवार 24 अगस्त2025 को कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ होगा. जो की प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा श्रवण कराई जाएगी. 30 अगस्त को कथा महाविश्राम पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण दोपहर 2 बजे होगा. समिति ने नगर सहित आसपास क्षेत्र के धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया कि प्रतिदिन समय पर कथा श्रवण में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें.

### खिलचीपुर में आवारा सांडों का आतंक

**खिलचीपुर 20 अगस्त, सं.** विगत कई दिनों से खिलचीपुर में आवारा सांडों ने आतंक मचा रखा है. यह हर कभी किसी भी व्यक्ति, महिला या बच्चे को घायल कर देते हैं. यहां तक की सांड के हमले से कई बार लोगों के जान जाने तक की नौबत भी आ चुकी है. लेकिन शासन प्रशासन का इन आवारा सांडों पर कोई ध्यान नहीं है. मंगलवार शाम को बस स्टैंड निवासी राधेश्याम मालाकार पर सड़क पर चलते हुए ही एक आवारा सांड ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. गनीमत यह रही कि उनका घर सामने ही होने की वजह से तुरंत परिजनों ने उन्हें संभाल लिया वरना गंभीर हादसा हो सकता था. आवारा सांडों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया. कुछ दिनों पूर्व नपा के ही एक कर्मचारी पर सांड ने हमला कर दिया ओर उसके हाथ में फैक्चर हो गया. इसके कुछ दिनों पूर्व ही सब्जी बाजार के पास एक महिला को सांड ने उठाकर बुरी तरह से पटक दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार आज भी चल रहा है.

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

**राजगढ़ 20 अगस्तय, का.** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा 20 अगस्त को भोपाल में आयोजित संपूर्णता सम्मान समारोह में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कलेक्टर ( जिला प्रशासन) डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा प्रतिनिधि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अर्पित गुप्ता, तत्कालीन जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, तत्कापलीन मुख्यम कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत जीरापुर हेमेन्द्र गोविल, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस अभिषेक रघुवंशी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौरासिया, बीपीएम श्री सुरेश पटेल एवं नीति आयोग एबीपी श्री हिमांशु साहू को जिला राजगढ़ एवं ब्लॉक जीरापुर में चलाए गए संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर बुधवार को भोपाल में सम्मानित किया गया.

### पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण गुणवत्तापूर्ण हो

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा मुद्रित की जाने वाली किताबें उच्च गुणवत्ता की हों. उन्होंने कहा कि मुद्रण कार्य से जु ?ी सभी प्रक्रियाएं तय समय-सीमा में पूरी की जायें. उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही पूरा किया जाये. यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाये. स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह बुधवार को मंत्रालय में पाठ्य पुस्तक निगम की गवर्निंग बॉडी की बैठक ली.

# बिजली सुधार योजना का काम अटका

## बीस दिनों से बंद है नगर में आरडीएसएस योजना का कार्य, नई केबल, ट्रांसफार्मर लगाने, क्षमता बढ़ाने का होना है काम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 अगस्त, का. विद्युत लोड एवं फाल्ट आदि बिजली समस्याओं को दूर करने, विद्युत व्यवस्था में सुधार कर उसे और अधिक चाक चौबंद करने के उद्देश्य से पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र में सुधार योजना (आरडीएसएस)के तहत ब्यावरा शहरी क्षेत्र में कार्य किया जा रहा था किंतु करीब बीस दिनों से यह काम बंद है. इससे योजना के कार्य में विलंब होने के साथ ही करोड़ों की इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को मिलने में देरी हो रही है.**

विदित है कि ब्यावरा शहरी तथा ग्रामीण, सुठालिया, मलावर क्षेत्र में विद्युत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के कार्य होना है. इसका कार्य नगर में चल रहा था परन्तु एक पखवाड़े से अधिक समय से एकाएक काम को बंद कर दिया गया. करोड़ों की लागत से होने वाले सुदृढ़िकरण के कार्य में कई किमी लम्बी केबल, ट्रांसफार्मर बदलकर हैवी ट्रांसफार्मर शिफ्ट किए जाना है. योजना का मुख्य उद्देश्य विद्युत समस्याओं को दूर कर, विद्युत सुविधाओं को बेहतर करना है लेकिन इस योजना को



अमलीजामा पहनाने में ही लेटलतीफी हो रही है.

**कंपनी व ठेकेदार के बीच का मामला**

सूत्रों के अनुसार योजना का कार्य देख रही कंपनी और कार्य करवा रहे ठेकेदार के बीच किन्हीं कारणवश कार्य को रोक देना बताया जाता है. लेकिन इतनी महत्ती योजना का कार्य बंद होने से इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है. जल्द कार्य होता है तो उसका उतनी जल्दी लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा.

### पूर्व में भी रुका था कार्य

गौरतलब है कि योजना के तहत कार्य तो प्रारंभ कर दिया गया था किंतु विगत माह से काम बंद था लगभग एक माह पूर्व कार्य को पुन: शुरु कर दिया गया. कुछ दिनों तक ही काम चला और फिर इस पर ब्रेक लग गया.

### उच्च क्षमता में होगी केबल

वर्तमान में केबल की क्षमता में वृद्धि का कार्य शुरु कर दिया गया था. 70 से 80 ट्रांसफार्मर की केबल को बदलते हुए इनकी क्षमता में वृद्धि की जाना है, यह कार्य चल ही रहा था कि काम बंद हो गया. सुदामा नगर, मुक्तिधाम मार्ग, राजगढ़ रोड पर कार्य किया गया. 120 स्क्वॉयर एमएम की केबल के स्थान पर 150 स्क्वॉयर एमएम की केबल बिछाई गई.

### ट्रांसफार्मर में होगी बढ़ोत्तरी

योजनांतर्गत नगर में दर्जनो नये ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे. करीब 22 नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे. जिनमें 25, 100, 63 केवी क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाना है. विदित है कि वर्तमान में नगर में लगभग 275 ट्रांसफार्मर है.

### फाल्ट की समस्या होगी दूर

वर्तमान में जो कम केपिसीटी केबल नगर में बिछी है वह अधिकांश जगह पर लोड के हिसाब से कमजोर होने के कारण आये दिन केबल जलने के मामले आ रहे है. इस कम केपिसीटी वाली केबल की जगह हाई केपिसीटी केबल बिछाई जाना है. इससे बिजली संबंधी समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी.

योजना के तहत कार्य करवा रही कंपनी प्रबंधन का कहना है कि वह ठेकेदार से जल्द कार्य शुरु करने को कह रहे है. काम शीघ्र शुरु करवाया जाएगा.

**अजीत भुमरकर**
**एई, विद्युत वितरण कंपनी शहरी क्षेत्र ब्यावरा**

## रात भर अंधेरे में रहे 75 गांव

### लखनवास, सीलखेड़ा, सवांसी फीडर में गुल रही बिजली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 अगस्त, का.** विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा साल भर ही किसी न किसी कारण को लेकर मैंटेनेंस कार्य किया जाता रहा है बावजूद इसके थोड़ी हवा, बारिश में ही इसकी पोल खुल रही है. फाल्ट होकर घंटो तक बिजली गुल रहती है. नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. ऐसी ही समस्या बीती रात्रि को सामने आई जिसमें 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट होने से लखनवास, सीलखेड़ा, संवासी ग्रीड के तहत आने वाले दर्जनों गांवों में रात भर अंधेरा पसरा रहा.

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे बारिश के बीच एकाएक लखनवास, संवासी, सीलखेड़ा ग्रीड के तहत करीब 75 गांवों में बिजली गुल हो गई. विभाग की और से बताया गया कि 33 केवी लाइन में फाल्ट आया है.

**इन्सुलेटर, जम्पर हुआ खराब** विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार लखनवास स्थित 33 केवी लाइन का इन्सुलेटर ब्लास्ट होने तथा पार्वती नदी के समीप लाइन का जम्पर खराब होने से फाल्ट हुआ. बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे फाल्ट ठीक होने पर सप्लाई बहाल हो सकी. प्राय: मैंटेनेंस के दौरान लाइन के आसपास मौजूद पेड़ो की डाली की भी छटाई की जाती है किंतु लखनवास एवं आसपास क्षेत्र में काफी मात्रा में पेड़ो की डाली हाईटेंशन लाइन को ढके हुए देखी जा सकती है. जिससे हवा, बारिश में आये दिन फाल्ट हो रहे है.

मंगलवार की रात्रि में फाल्ट आ गया था. इन्सुलेटर, जम्पर में खराबी से सप्लाई बाधित हुई. काफी प्रयास के बाद बुधवार को फाल्ट मिलने पर उसे दुरस्त किया और सप्लाई बहाल हो गई.

**राजेन्द्र देवड़ा**
**जेई, विद्युत वितरण कंपनी लखनवास क्षेत्र**

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ बेहतर मार्केटिंग जरूरी

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ दुग्ध उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, गोवंश की समुचित देखभाल, वेटनरी क्षेत्र में आवश्यक प्रशिक्षण और उन्नत अधोसंरचना स्थापित करने में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का हरसंभव लाभ लिया जाए. वर्ष 2030 तक हर गांव तक डेयरी नैटवर्क का विस्तार सुनिश्चित किया जाना है. बड़े हुए दुग्ध संकलन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आधुनिकतम दुग्ध प्रसंस्करण अवसंरचना विकसित की जाए. प्रदेश में निर्मित होने वाले दुग्ध उत्पादों की राष्ट्रीय स्तर पर ब्राडिंग सुनिश्चित की जाए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और प्रदेश के दुग्ध संघों की गतिविधियों के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे. वैटनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में वैटनरी के कोर्स संचालित किए जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीयनिंकायों की बड़ी गो-शालाओं के उन्नयन और प्रबंधन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से सहयोग लेने की आवश्यकता भी बताई. दुग्ध संघों में एक समान उत्पाद निर्माण सुनिश्चित करने के लिए स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर अपनाना आवश्यक है. दुग्ध उत्पादकों को दुध-मूल्य के नियमित और समय पर भुगतान की व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग हो. जिन क्षेत्रों में दुग्ध

## टप्पा कार्यालय के आसपास हो रहे अतिक्रमण को हटवाया



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 20 अगस्त, सं. नगर के ब्यावरा रोड पर स्थित टप्पा कार्यालय के आसपास वर्षो से हो रहे अतिक्रमण को अंतत सोमवार को तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व व नप के अमले ने हटवा दिया.**

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा रोड पर स्थित टप्पा कार्यलय के आसपास का वर्षो से लोगों ने गुमठी रखकर छप्पर लगाकर अतिक्रमण कर रहा था हालांकि पिछले दो वर्षो से आसपास के रहवासियों ने अतिक्रमण हटाए जाने का आवेदन भी तहसीलदार सुठालिया को दिया. लेकिन कार्रवाई नहीं हुई वहीं समाचार पत्रों में भी टप्पा कार्यलय के आसपास हो रहे बेतारतीव अतिक्रमण को लेकर खबरे प्रकाशित की गई. इसी को लेकर बीते एक सप्ताह पूर्व प्रभारी तहसीलदार दोजीराम अहिरवार ने टप्पा कार्यालय के आसपास मौजूद करीब 26 अतिक्रमणकारियो को एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था हालांकि एक सप्ताह के नोटिस के बाद किसी भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया. मंगलवार को तहसीलदार द्वारा मुनादी कराई गई तब जाकर मंगलवार शाम से ही अतिक्रमण कारीयो ने गुमठी हटाई वही बुधवार सुबह भी कुछ हटाई गई लेकिन दोपहर 12 बजे तहसीलदार दोजीराम अहिरवार राजस्व व नप अमले को लेकर जेसीबी के साथ पहुंचे ओर सभी अतिक्रमण को हटवा दिया. इस दौरान पटवारी सुनील यादव उपयंत्री निखिल कचनेरिया प्रभारी दरोगा कुलदीप राठौर सहित नप कर्मी चौकीदार आदि मौजूद थे.

### नगर में भी जगह जगह अतिक्रमण ने पसारे पैर

वही नगर में भी अनेकों स्थान मुख्य चौक चौराहे पर भी अतिक्रमण ने तेजी से पैर पसार रखे हे बस स्टैंड तिराहे पर बड़ी तादाद में ठेले खड़े रहते ही जिनसे जाम की स्थिति बनती हे जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है वही नगर में ब्यावरा रोड सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमणकारी बेखौफ हो रहे है.

### एलएडीसीएस आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितम्बर

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** एलएडीसीएस राजगढ़ कार्यालय में नवीन चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के एक, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के दो पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तीन पद पर संविदा नियुक्ति की जाना है. आवेदन 10 सितम्बर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ में शाम 05 बजे तक जमा कर सकते हैं.

## संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए गाय बछड़े की पूजा



**पड़ाना 20 अगस्त, सं.** नगर संहिता आसपास ग्रामीण अंचल में माताऔ द्वारा संतान की स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना के लिए गाय बछड़े की पूजा अर्चना की गई. इसी के चलते नगर के अलग-अलग मोहल्लों व मंदिरों पर गाय बछड़े की पूजा करने वाली महिलाओं ने बताया कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि जो वर्ष में एक बार आती है हिंदू मान्यता अनुसार जिसे बजबारस मनाया जाता है. इस दिन माताऔ द्वारा पुत्र की लंबी उम्र एवं स्वास्थ्य के लिए गाय बछड़े की पूजा अर्चना की जाती है जो भगवान श्री कृष्ण ने वह कामधेनु गाय माता को समर्पित है. आज के दिन हम महिलाओं द्वारा गाय का दूध से बने उत्पादों का सेवन के साथ अंकुरित अनाज का सेवन किया जाता है. इस मौके पर सावित्री व्यास संगीता व्यास ज्योति गुप्ता राधा कौशल्या अनुराधा मंजू बाई सहित अन्य महिलाओं ने अलग-अलग मोहल्ले में गाय बछड़े की पूजा कर कथा का श्रवण लिया.

## नगर में विश्व काशीनाथ महादेव की झांकियों के साथ निकाली सवारी

**पड़ाना 20 अगस्त, सं.** उज्जैन महाकाल शाही सवारी परंपरा अनुसार सोमवार नगर की सार्वजनिक नवयुवक हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में विश्व काशीनाथ महादेव की शाही सवारी निकाली गई. जो नगर के साधन खेड़ी रोड पर स्थित आसमानी माता मंदिर परिसर से शाम 5 बजे आकाशीय आतिशबाजी करते हुए ढोल डमरू नगांड़े तासे डीजे कीर्तन भजन के साथ सुसज्जित शाही पालकी का स्वरूप लेकर विश्व काशीनाथ महादेव नगर भ्रमण पर निकले. इस दौरान शाही सवारी में बाबा बर्फानी अमरनाथ, वीर बाल हनुमान, राधा कृष्ण, इत्यादि झांकी करवा एटीएम चौराहा सदर बाजार गांधी चौक टेंपो स्टैंड पीपली चौराहा होते हुए प्राचीन नरसी मंदिर स्थित विश्व काशीनाथ मंदिर परिसर पहुंचा. इस दौरान शाही सवारी का सांवरिया ग्रुप,करणी सेना अखनियां खेड़ी,मोनफोर्ड परिवार, बाल हनुमान समिति, सहित नगर की विभिन्न धार्मिक



एवं सामाजिक संगठन यह लोगों व समिति सदस्यों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा व पूजा अर्चना की गई.तत्पश्चात शाम 8 बजे शाही सवारी प्राचीन नरसिंह मंदिर विश्व काशीनाथ महादेव परिसर पहुंची जहां महंत 108 श्री कौशल किशोर दास जी महाराज मंदिर पुजारी सर्वेश्वर दास महाराज द्वारा महाआरती की गई तत्पश्चात फलाहारी वितरण की गई इस दौरान राज पुष्पद गोविंद सेन विकास परमार पार्थ सोनी आशीष गोस्वामी अमित पुष्पद गौरव शर्मा मेहुलनाथ ओम परमार राहुल पुष्पद बिट्टू शर्मा विक्की परिहार केशव सक्सेना अनिल सेन आशीष खाती सोनू पुष्पद अमन वर्मा शिवम प्रजापति रवि पुष्पद शिवम ठाकुर रितेश पाटीदार श्याम शर्मा नितेश गुर्जर राम पुष्पद शाहिद सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष शाही सवारी में उपस्थित रहे.

## नाला उफना, बिसौनिया मार्ग पर स्कूली बच्चे रुके

**ब्यावरा 20 अगस्त, का.** सुठालिया रोड स्थित ग्राम बिसौनिया जाने वाले मार्ग पर तेज बारिश के चलत नाला उफान पर आ गया जिसके कारण कई बच्चे एवं राहगीर घंटो तक रुके रहे, काफी परेशानी का सामना करना लोगों को करना पड़ा.

जानकारी के अनुसार तेज बारिश होने पर बिसौनिया जाने



वाले मार्ग पर स्थित नाले के रपटे पर कई फीट पानी आ गया. लगभग पांच वाहन रुके रहे. साथ ही दर्जनों वाहन एवं नागरिक रपटे के दोनों और रुके रहे.

**परिजन होते रहे चिंतित** नाला उफान पर आने के कारण रात्रि 8 बजे के बाद तक स्कूली वाहन रुके रहे. बच्चों के परिजन हर पल मोबाइल कर चिंतित होते हुए जानकारी ले रहे थे. वहीं बिसौनिया निवासी रुपेन्द्र सिंह राठौड़ सहित नागरिक बच्चों की देखरेख में लगे हुए थे.



## नि :शुल्क साइकिल वितरण योजना से साकार हो रहे सपने

**पड़ाना 20 अगस्त, सं. मंगलवार नगर में आवास कॉलोनी में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया ग्राम पंचायत रोजगार सहायक श्याम पाटीदार पूर्व जनपद दिनेश परमार इत्यादि द्वारा साधन खेड़ी रामपुरियाखेड़ा मल्हारगंज बरूखेड़ी इत्यादि दूरी तय कर अध्यनरत करने वाले 19 छात्र-छात्राओं को कुमकुम तिलक व फूल माला पहनकर निशुल्क साइकिल वितरण की गई.**

निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच ने अपने उद्बोधन में बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित नि: शुल्क साइकिल वितरण योजना उन बच्चों के लिए, जो दूर-दराज के गांवों से शिक्षा प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करते है. यह योजना न केवल आवागमन को आसान बनाती है, बल्कि पढ़ाई की राह को भी सुगम बनाती है और बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना, जो विद्यार्थी पहले स्कूल पहुंचने में कठिनाई महसूस करते थे, आज वे पूरे आत्मविश्वास के साथ समय पर स्कूल पहुंचते हैं. यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का है. बच्चों के लिए अब शिक्षा को ग्रहण करना और भी आसान हो रहा है इस मौके पर संस्था प्राचार्य शिवनारायण वर्मा अनीश अंसारी सिद्धनाथ वर्मा जूमेद अंसारी अब्दुल सत्तार अंसारी गरिमा जैन शिल्पा दांगी ममता मालवीय संगीता वर्मा अंकिता यादव स्वाति वर्मा राजेश साहू सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

**पदभार** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने पदभार ग्रहण किया, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाएंगे

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 अगस्त, का. कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने बुधवार जिला कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. अपने प्रभावी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से जिले में संगठन को मजबूत करने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे.**

खिलचीपुर नाका से विशाल रैली के साथ श्री सिंह जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां पदभार ग्रहण करने के बाद मंगल भवन में सभा हुई.

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हमें अपने संगठन के प्रति हमेशा वफादार रहना



चाहिए. संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करें.

**शिक्षकों का सम्मान करेंगे** उन्होंने कहा कि आगामी शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तर पर पार्टी द्वारा दस-दस शिक्षकों का सम्मान किया जायेगा तथा 1 से 5 सितम्बर तक सभी विधानसभा में वोट अधिकार रैली निकाली जाएगी. इस अवसर पर पूर्व सांसद नारायण सिंह अमलाबे, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर, धूल सिंह यादव, जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष डा. भारत वर्मा, मोहन लोधी, सभी ब्लॉक अध्यक्ष सहित जिले भर से आये कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**पुष्पवर्षा से किया स्वागत** खिलचीपुर नाके से वाहन रैली प्रारंभ हुई. रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. प्रमुख मार्गो से होते हुए रैली जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची जहां नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया.

### भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी के खिलाफ लड़ेंगे

श्री सिंह ने वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तीखे प्रहार किए. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी खुलेआम हो रही है, कोई देखने और सुनने वाला नहीं है. कांग्रेस पार्टी पूरी दमदारी के साथ भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी पर लगाम लगाने शिकंजा कसेगी. उन्होंने हाल ही में किसानों को मिलने वाली बीमा फसल राशि के संदर्भ में कहा कि नाममात्र राशि आयी है कई किसानों के खाते में तो राशि आयी ही नहीं है. उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी रणनीति तैयार कर जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी. उन्होंने कहा कि हमे पूरी दमदारी से संगठन का कार्य करते हुए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है.